समाचार

महापौर ने किया 61 छात्राओं को सायकल का वितरण

कोरबा 07 मार्च 2019 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज सरस्वती सायकल योजनांतर्गत एन.सी.डी.सी. स्कूल एस.ई.सी.एल.कोरबा में 61 छात्राओं को सायकल का वितरण किया, छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं दी तथा पढ़ाई–लिखाई में मेहनत कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने एवं विद्यालय व कोरबा का नाम रोशन करने का आव्हान किया।

नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत स्थित एन.सी.डी.सी. स्कूल एस.ई.सी.एल.कोरबा में आज छात्राओं को सायकल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए छात्राओं को सायकलों का वितरण किया, उन्होने मां सरस्वती के तैलचित्र पर पुष्पमाला का अर्पण, पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया तथा 61 छात्राओं को सायकल वितरित किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि छात्राओं को सायकल उपलब्ध हो जाने से उन्हें घर से स्कूल तक आने जाने में सुविधा होगी एवं उनके समय की बचत होगी, इस बचे हुए समय का सदउपयोग वे अपनी पढ़ाई–लिखाई में कर सकेंगी। उन्होने छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा महापौर श्रीमती अग्रवाल को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य रामगोपाल कुर्रे, पार्षद सुशील गर्ग एवं सिमरनजीत कौर, सांसद प्रतिनिधि शैलेन्द्र सिंह, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सपना चौहान, महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री संगीता सक्सेना, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव फिरोज अहमद, रथलाल चौहान, विद्यालय की प्राचार्य डॉ.वंदना पाल, सी.एस.शर्मा, बी.डी. वैष्णव, जे.पी.साहू, जे.के. सिंह, संगीता यादव, कल्पना बरबे, तुलसी यादव, उषा शर्मा, मनोज पाण्डेय आदि के साथ विद्यालय के अध्यापक–अध्यापिकागण एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।